19. राजस्थान का राज्य वृक्ष है

(a) खेजड़ी (b) रोहिड़ा
(c) पीपल (d) नीम

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (a) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

20. राजस्थान में करौली जिले का गठन कब हुआ था?

(a) 07.09.95 (b) 19.07.97
(c) 17.09.98 (d) इनमें से कोई नहीं

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (b) राजस्थान सरकार द्वारा 1मार्च 1997 को सवाई माधोपुर जिले की पांच तहसीलों को मिलाकर एक अलग जिला करौली का गठन किया गया। 15 जुलाई 1997 को करौली जिला निर्माण की अधिसूचना जारी की गयी तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भैरोसिंह शेखावत द्वारा 19 जुलाई 1997 को इस जिले का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

21. गंगानगर से हनुमानगढ़ जिले का गठन कब हुआ था?

(a) 01.08.94 (b) 18.04.96
(c) 18.04.95 (d) 12.07.94

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (d) हनुमानगढ़ जिले का गठन 12.07.1994 को गंगानगर जिले से पृथक कर राजस्थान राज्य के 31वें जिले के रूप में किया गया था। बीकानेर संभाग के गंगानगर जिले की सात तहसीलों संगरिया, टिब्बी, हनुमानगढ़, पीलीगंगा, रावतसर, नोहर और भादरा को हनुमानगढ़ के नवनिर्मित जिले में शामिल किया गया।

22. निम्नलिखित में से कौन से राजस्थान के संलग्न जिले हैं?

(a) झालावाड़, बूँदी, टोंक (b) सिरोही, पाली, जालौर
(c) चुरू, झुंझुनू, जयपुर (d) सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b) सिरोही पाली, जालौर राजस्थान के संलग्न जिले हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। यह भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41% है। राजस्थान की सीमा दक्षिण-पश्चिम में गुजरात, दक्षिण-पूर्व में मध्य प्रदेश, उत्तर-पूर्व में उत्तर-प्रदेश और हरियाणा तथा उत्तर में पंजाब से लगती है।

23. राजस्थान में कुल आबाद गाँवों का कितना प्रतिशत विद्युतीकृत है?

(a) 90 (b) 98
(c) 100 (d) 92

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (c) राजस्थान के कुल आबाद गाँवों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है। विद्युत मंत्रालय के अनुसार 28 अप्रैल, 2018 तक देश के लगभग सभी गाँव विद्युतीकृत हो गए हैं। पिछले दो वर्षों यानि 2017-18 और 2018-19 (28 अप्रैल, 2018 तक) दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY) के तहत 5,251 गैर-विद्युतीकृत आबादी वाले गाँवों का विद्युतीकरण किया गया था।

24. निम्न में से राजस्थान के कौन-से जिले का प्रतीक 'मोर' है?

(a) अजमेर (b) भीलवाड़ा
(c) दौसा (d) हनुमानगढ़

LDC Exam 12.08.2018

Ans. (b) भीलवाड़ा जिले का प्रतीक 'मोर' पक्षी है। राजस्थान राज्य ने प्रदेश के 33 प्रजातियों को बचाने के लिए एक नायाब पहल की है। प्रत्येक जिले को अब किसी वन्य जीव (पशु या पक्षी) के नाम से जाना जाएगा। राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जिसने वन्यजीवों के अनुसार जिलों का मस्कट (शुभंकर) तय किया है।

25. राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?

(a) कवि कुशल लाभ (b) सूर्यमल्ल मिश्रण
(c) जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन (d) जैम्स टॉड

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) जार्ज अब्राहम गियर्सन ने पहली बार राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग किया था। 1912 ई. में भारत के भाषाई सर्वेक्षण में इस शब्द का उपयोग किया था। जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन का जन्म डब्लिन (आयरलैंड) में हुआ था।

26. जलवायवीय दशाओं और कृषिगत उत्पादनों के आधार पर राजस्थान को कितने कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभक्त किया गया है?

(a) 12 (b) 8
(c) 10 (d) 15

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (c) जलवायवीय दशाओं और कृषिगत उत्पादनों के आधार पर राजस्थान को 10 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभक्त किया गया है।
राजस्थान के 10 कृषि - जलवायु क्षेत्र इस प्रकार है–

I. शुष्क उत्तर-पश्चिमी रेतीला मैदान [IA]
II. सिंचित उत्तर-पश्चिमी मैदान [IB]
III. उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान [IVA]
IV. आर्द्र दक्षिणी मैदान [IVB]
V. आर्द्र दक्षिण-पूर्वी मैदान [V]
VI. अंतर्देशीय जल निकासी व संक्रमणकालीन मैदान
VII. लूनी बेसिन का जलीढ़ मैदान [IIB]
VIII. अर्ध शुष्क पूर्वी मैदान [IIIA]
IX. बाढ़ संभावित पूर्वी मैदान [IIIB]
X. अति-शुष्क आंशिक सिचिंत क्षेत्र [IC]

नोट- आयोग द्वारा इस प्रश्न को मूल्यांकन से बाहर कर दिया है, जबकि इसका सही उत्तर विकल्प (c) सही है।

27. राजस्थान का वह जिला जिसकी सीमा मध्यप्रदेश तथा गुजरात से लगती है, वह है-

(a) बाँसवाड़ा (b) उदयपुर
(c) प्रतापगढ़ (d) डूँगरपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (a) राजस्थान का बाँसवाड़ा जिला जिसकी सीमा मध्यप्रदेश तथा गुजरात से लगती है। राजस्थान के 9 जिले मध्यप्रदेश के साथ सीमा बनाते है। गुजरात के साथ राजस्थान के 6 जिले सीमा साझा करते है।

28. राजस्थान के निम्न में किस जिले से कर्क रेखा गुजरती है?

(a) डूँगरपुर (b) उदयपुर
(c) प्रतापगढ़ (d) झालावाड़

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (a) कर्क रेखा विषुवत रेखा के उत्तर में $23\frac{1}{2}°$ अंक्षाशा पर स्थित है जो भारत के 8 राज्यों में होकर गुजरती है। यह राजस्थान के बाँसवाड़ा, डूंगरपुर जिले से होकर गुजरती है।